## 2- Use of Remote Sensing & GIS Application in Hazard and Vulnerability



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 19 से 21 सितम्बर 2024 की अवधि में Use of Remote Sensing & GIS Application in Hazard and Vulnerability विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अकादमी, नैनीताल में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रिमोट सेंसिंग तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली के उपयोग से तंत्र को सशक्त रूप से तैयार करना था, जिससे किसी भी आपदा से पूर्व तैयारी तथा आपदा के समय में त्वरित कार्यवाही की जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न विभागों से कुल 32 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## KRC, WASH Cell, Centre for Good Government - Mentoring Skills



A three training program on 'Mentoring Skills' under the Trainers Development Program sponsored by the DoPT was held between 4th-6th September 2024. The program had 9 participants participating as per guidelines and had representation from the Education Department. The aim of the Mentoring Skills Course was to help participants acquire an understanding of the concept of mentoring and skills to carry out duties of a mentor. The course had a mix of experiential learning and life skills and the participants exchanged roles as mentor, mentee and observer to understand the relationship between improving performance and the role of a mentor, differentiate between 'learning', 'training' and 'development' and understand the various nuances of being an effective mentor.

## Training Event September, 2024

| S.N. | Name of the Training Programme | From | To | Course Director |
|---|---|---|---|---|
| 1. | DOT (State) | 07.10.2024 | 11.10.2024 | V.K. Singh |
| 2. | 6-Days National level Training Need Analysis (TNA) | 07.10.2024 | 11.10.2024 | Dr. Mahesh Kumar |
| 3. | Sevottam | 07.10.2024 | 09.10.2024 | Sudhir Kumar |
| 4. | Homeopathic Doctors | 14.10.2024 | 19.10.2024 | Poonam Pant |
| 5. | FSSM/IWSM/Co treatment for ULBs/Uttarakhand State | 14.10.2024 | 16.10.2024 | Manwar Singh/ Ragini Tewari |
| 6. | Important Dimensions of Disaster Management | 15.10.2024 | 16.10.2024 | Dr. Om Prakash |
| 7. | Exposure visits of Nagaland elected councilors and officials at DRST UAoA | 20.10.2024 | 21.10.2024 | Ragini Tewari |
| 8. | Disaster Management: Road Safety | 21.10.2024 | 23.10.2024 | Dr. Manju Pandey |
| 9. | EoT | 21.10.2024 | 25.10.2024 | Poonam Pathak |
| 10. | Occupational Health and Safety including manhole to machine hole | 23.10.2024 | 24.10.2024 | Ragini Tewari |
| 11. | Start-Up ecosystem and self-entrepreneurship | 24.10.2024 | 26.10.2024 | Dr. Deepa Mehra Rawat |


डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी
आर्डवेल कैम्प, नैनीताल – 263001
Dr. R. S. Tolia Uttarakhand Academy of Administration
Ardwell Camp, Nainital - 263001

Phone फोन : 235011 : 236068 : 236149
Fax फैक्स : 237642
STD एसटीडी : 05942
E-Mail ई–मेल directoracademy@hotmail.com





संख्या - 16
सितम्बर, 2024


# अकादमी न्यूज़

### डॉ0 आर0 एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल


**संरक्षक**
बी0 पी0 पाण्डेय, महानिदेशक
मुहम्मद नासिर, संयुक्त निदेशक (प्र0)
**सम्पादक**
डॉ0 महेश कुमार, संयुक्त निदेशक
**प्रारूप**
आनन्द कुमार
**सहयोग**
ऋचांशु शर्मा, उप निदेशक (वित्त)
डॉ0 दीपा मेहरा रावत, सहायक निदेशक (व्य.वि.)
मनोज कुमार, योगेश कुमार


**Our Mission**
We work for the capacity building of civil servants, professionals, development functionaries and elected people's representative.

## Training on Innovative Practices and Sustainable Livelihoods



डॉ0 आर0 एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल द्वारा राज्य बजट से अकादमी में "Innovative Practices and Sustainable Livelihoods" विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 18 से 22 सितम्बर, 2024 के मध्य किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न जनपदों/विभागों से लगभग 21 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को नवोन्मेषी अभ्यास एवं सतत् आजीविका से संबंधित जानकारियाँ प्रदान की गई, जिस हेतु अकादमी द्वारा स्थानीय एवं राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया। जिनके द्वारा "Innovative Practices and Sustainable Livelihoods" से सबंधित Local Solutions for Sustainable Livelihood in the Himalaya Region, Development of Rural Enterprises in Uttarakhand, Creation of Value Chain and Value Addition of Livelihood Products, Climate Smart Agriculture and Livelihood Generation, SHGs & Integrated Farming in Hilly Area, Farming Based Livelihoods System in Uttarakhand, Different Livelihood Projects under NRLM in Uttarakhand, Concept of Convergence & Livelihood Package Model आदि विषयों पर प्रतिभागी अधिकारियों का ज्ञानवर्धन किया गया।

## "Midterm Refresher Course"



अतः डॉ० आर० एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में **दिनांक 23 से 25 सितम्बर, 2024** तक की अवधि में सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्धन संस्थान द्वारा उत्तराखण्ड सचिवालय के सहायक समीक्षा/समीक्षा अधिकारियों व अनुभाग अधिकारियों हेतु "Midterm Refresher Course" विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्धन संस्थान उत्तराखण्ड द्वारा दी गई सूची के अनुसार 18 अनुभाग अधिकारियों, 12 समीक्षा अधिकारी तथा 12 सहायक समीक्षा अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रतिभागी अधिकारियों की कार्य में दक्षता एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रयास किया गया, जिससे प्रतिभागियों में निर्णय लेने की क्षमता, समय के उचित प्रबन्धन आदि प्रबन्धकीय गुणों में वृद्धि होगी।

उपरोक्त तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में Govt. Servant Conduct Rules, Disciplinary Proceedings, Office Procedure, Noting, Drafting & Letter Writing, Time Management, Positive Thinking and Personality Development, Uttarakhand Secretariat Manual/Secretariat Rules of Business, Coping With Stress/Stress Management, Secretariat Functioning, Administrative System & its Importance, Roles, Responsibilities & Importance of Official Duties, Good Governance: Ethics & Values in Administration आदि विषयों पर प्रतिभागी अधिकारियों का ज्ञानवर्धन किया गया।

## "Consultation Workshop on Gender Issues in Uttarakhand" (Training Need Assessment)

अकादमी में दिनांक 27 से 28 सितम्बर, 2024 के मध्य **"Consultation Workshop on Gender Issues in Uttarakhand"** विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आज

> Ethics is, in origin, the art of recommending to others the sacrifices required for cooperation with oneself.
> – Bertrand Russell

के आधुनिक समाज के बदलते परिवेश में महिला–पुरुष की भूमिकाओं की वास्तविक स्थितियों को समझना एवं जैण्डर आधारित वास्तविक सूचनाओं, आंकड़ों एवं तथ्यों को संग्रहीत करना एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का स्वरूप निर्धारित करना है जो महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्र में कार्य करने वाले हितधारकों को एक मंच प्रदान करेगी जहाँ वे अपने अनुभवों और ज्ञान को साझा करेंगे तथा प्रशिक्षण आवश्यकताओं को चिन्हित कर सतत् विकास लक्ष्य–5 (लिंग समानता) को प्राप्त करने के लिए समाज में महिलाओं और पुरुषों के बीच भेदभाव को समाप्त करने, महिलाओं को शिक्षा और कौशल विकास के अवसर प्रदान करने, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करने, राजनीतिक प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने, लैंगिक हिंसा को समाप्त करने और लिंग संवेदनशील जैसे मुद्दों को विचार विमर्श के उपरान्त प्रशिक्षण में आवश्यकताओं को शामिल करते हुए प्रशिक्षणों के मॉड्यूल विकसित करेगी जिससे SDG 5 की प्राप्ति में योगदान सुनिश्चित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न विभागों के कुल 34 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



## Direct Training Skills (DTS)



अकादमी में दिनांक 09 से 13 सितम्बर, 2024 के मध्य भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित 05 दिवसीय डायरेक्ट ट्रेनर स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों एवं विभागों में तैनात प्रशिक्षकों तथा ऐसे कार्मिकों हेतु निर्धारित है, जिनके द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य किया जाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण का व्यवस्थित दृष्टिकोण, सीखने के प्रकार तथा प्रशिक्षण की मुख्य 04 विधाओं यथा कोचिंग, लेक्चर, समूह चर्चा व समूह गतिविधि को सम्मिलित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 03 प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से अभ्यास करने का भी अवसर प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों/संस्थाओं के कुल 19 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Evaluation of Training



अकादमी में दिनांक 09 से 13 सितम्बर, 2024 की अवधि में डीओपीटी द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय स्तर का EoT विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के 15 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम ऐसे विभागों/संस्थानों/अधिकारियों हेतु महत्वपूर्ण है जिनके द्वारा समय–समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। प्रशिक्षणों हेतु आवश्यकता आंकलन के संदर्भ में उक्त कार्यक्रम विस्तृत कौशल प्रदान करता है।

## Bhartiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023 Bhartiya Nyaya Sanhita & Bhartiya Sakshya Adhiniyam, 2023



डॉ0 आर. एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में राज्य सरकार की ओर से प्रायोजित दिनांक 27 व 28 सितम्बर, 2024 की अवधि में राजस्व विभाग के अधिकारियों हेतु नये अधिसूचित कानूनों Bhartiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023 Bhartiya Nyaya Sanhita 2023 तथा Bhartiya Sakshya Adhiniyam, 2023 विषयक 02 दिवसीय अभिमुखीकरण (Orientation) कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य राजस्व विभाग के अधिकारियों को 01 जुलाई, 2024 से लागू होने वाले नये कानूनों से सम्बन्धित विषय में ज्ञान प्रदान कराना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्व विभाग के 20 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Training on अस्कोट से आराकोट



इस कार्यशाला का उद्देश्य अस्कोट से आराकोट के क्षेत्र में 1974 से प्रत्येक 10 वर्ष में यात्री दल द्वारा 1150 किमी लम्बी पैदल यात्रा जिसके अन्तर्गत 07 जनपदों में 350 गाँवों का पैदल दौरा किया जाता है, के अनुभवों को साझा करना रहा। जिससे कि पैदल यात्रा के दौरान किये गये जनसंवाद, पर्यवेक्षण (obeservation) एवं अनुभवों के आधार पर उत्तराखण्ड के संसाधनों के बेहतर उपयोग, आजीविका, राज्य की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के चिन्तन एवं उनके समाधान पर मन्थन किया जा सके।

## Training conducted by State Institute of Urban Development (SIUD)

**1. "Blended Capacity Building programmr for stakehilder of River Ganga Phase-2" NMCG-GIZ**



राज्य नगरीय विकास संस्थान, नैनीताल द्वारा Used Water Management and Preparation of City Sanitation Action Plans विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12 से 14 अगस्त, 2024 की अवधि में अकादमी में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य शहरी निकायों के कुल 20 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**Objective of the 1st DGP Training programme (3-5 Sept 2024)**

- To take this forward, it is now planned to support the development of District Ganga Plans by 42 DGCs in Uttarakhand and Uttar Pradesh. These plans will be based on the principles of Integrated River Basin Management in accordance with the DGP Handbook. These plans will be built upon the experiences in development of the model District Ganga Plans earlier prepared but specific to the respective district
- Training participants: representatives from 11 DGCs – Almora, Bageshwar, Champawat, Chamoli, Nainital, Pithoragarh, Haridwar, Amroha, Bijnor, Rampur, Sambhal, (UK and UP)

**2.** राज्य नगरीय विकास संस्थान, डॉ. रघुनन्दन सिंह टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल द्वारा विषयक नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी (नगर पंचायत) हेतु विशेष सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम बैच–2 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 07 सितम्बर, से 21 सितम्बर, 2024 की अवधि में अकादमी, नैनीताल में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य शहरी निकायों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। 15 दिवसीय दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 39 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



### कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य–

1. To provide an in-depth understanding of the constitutional provisions, governance structure, and roles of ULBs in Uttarakhand.
2. To amiliarize EOs with the legal and administrative frameworks governing ULBs, including the Municipal Corporation Act and the Municipalities Act.
3. To enhance skills in municipal financial management, including budgeting, accounting, and innovative financing mechanisms.
4. To develop capabilities in urban planning, project management, and public service delivery.
5. To inculcate values of good governance, ethics, and leadership in the management of ULBs.

## Training Conducted by Disaster Management Cell

**1- Design of Training (DoT)**



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 03 से 07 सितम्बर 2024 की अवधि में डी.ओ.पी.टी. भारत सरकार द्वारा प्रदत्त Design of Training (DoT) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अकादमी, नैनीताल में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर का था, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से कुल 12 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

The most important human endeavour is the striving for morality in our actions.
Our inner balance and even our very existence depend on it.
Only morality in our actions can give beauty and dignity to life. **– Albert Einstein**